

वनस्पति अन्वेषण
Plant Discoveries

नये वंश, जातियाँ एवं नये अभिलेख

NEW GENERA, SPECIES AND NEW RECORDS

2013





पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
Ministry of Environment and Forests

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण
Botanical Survey of India

5 जून • June - 2014



1890 ई० में स्थापित, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण अपने सर्वेक्षण, वस्तुसूची, प्रलेखन, वर्गीकी शोध एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता द्वारा वन्य पादप विविधता के संरक्षण एवं सतत उपयोग हेतु वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हुये राष्ट्र की सेवा में कार्यरत है।

1954 ई० में भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के पुनर्गठन के बाद से विभाग के वैज्ञानिकों ने

- 1 नया कुल,
- 36 नवीन वंश,
- 1104 नयी जाति, उपजाति एवं प्रभेद का अन्वेषण किया।

वर्ष 2013 के दौरान भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण एवं अन्य संस्थानों के पादप वर्गीकर वैज्ञानिकों ने

- 8 वंश
- 199 जातियां
- 6 नवीन अवजातीय विशिष्ट वनस्पतिजात का भारत से विज्ञान हेतु अन्वेषण किया तथा
- 139 जातियां एवं
- 14 अवजातीय विशिष्ट वनस्पतिजात का भारतीय वनस्पति हेतु अभिलेखन किया ।

वर्ष 2013 के दौरान भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के पादप वर्गीकर वैज्ञानिकों ने वनस्पतियों के 1 नए वंश, 45 नयी जातियों एवं 2 नयी उपजाति/प्रभेद प्रकाशित किए तथा 45 जाति, 2 उपजाति एवं 4 प्रभेद एवं 1 रूप की खोज करके भारतीय वनस्पतिजात के लिए नया अभिलेख बनाया।

Botanical Survey of India (BSI), established in 1890, serves the nation by providing scientific basis for conservation and sustainable utilization of wild plants through survey, inventory, documentation taxonomic research and creating environmental awareness.

Since reorganization of BSI in 1954, the scientists of BSI have discovered

- 1 new family
- 36 new genera,
- 1104 new species, subspecies and varieties.

During 2013, the Plant Taxonomists of BSI and other institutes have discovered

- 8 genera
- 199 species
- 6 infra specific taxa as new to science from India and
- 139 species
- 14 infra specific taxa as new records for Indian Flora

During the year 2013 the scientists of BSI published 1new genus, 45 new species and 2 new subspecies/varieties of plants and discovered 45 species, 2 subspecies, 4 varieties and 1 forma as new records for India.

वनस्पति अन्वेषण 2013 | Plant Discoveries 2013

प्रकाशित : जून, 2014 | Published: June, 2014

आलम्ब | Support
श्री एच. के. पाण्डे, आई.ए.एस., अपर–सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय | Sh. H.K. Pande, IAS, Additional Secretary, MoEF
डा. आर. दलवानी, सलाहकार, सी.एस.-II, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय | Dr. R. Dalwani, Advisor, CS-II, MoEF
श्री जेरोम मिंज, उप–सचिव, सी.एस.-II, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय | Sh. Jerome Minz, Deputy Secretary, CS-II, MoEF

संकलन एवं संपादन | Compiled & Edited by
परमजीत सिंह एवं एस. एस. दाश | Paramjit Singh & S.S. Dash

सहयोग | Assistance
संजय कुमार | Sanjay Kumar

हिन्दी अनुवाद | Hindi Translation
संजय कुमार एवं नवीन चौधरी | Sanjay Kumar & Nabin Choudhary

प्रकाशक | Published by
भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, सी. जी. ओ. कॉम्पलेक्स, | Botanical Survey of India, CGO Complex
सॉल्ट लेक सिटी, कोलकाता– 700064 | Salt Lake City, Kolkata- 700 064
वेबसाइट : http://bsi.gov.in ई.मेलः nelumbo.bsi@gmail.com | website: http://bsi.gov.in email: nelumbo.bsi@gmail.com

मुद्रक | Printed at
दीप प्रिंटर्स, 70ए, रामा रोड़, इंडस्ट्रियल एरिया | Deep Printers, 70A, Rama Road, Industrial Area,
कीर्ति नगर, नई दिल्ली–110015 | Kirti Nagar, New Delhi-110015

: 09871196002 E-mail : deep70a@yahoo.co.in

डॉ. वी. राजगोपालन, आई.ए.एस
DR. V. RAJAGOPALAN, IAS



सचिव
भारत सरकार
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
Secretary
Government of India
Ministry of Environment and Forests



संदेश

भारत के लिए सी.बी.डी. लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में अपने जैव विविधता संसाधनों का व्यापक प्रलेखन एवं अभिनिर्धारण एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है। इस दृष्टि से भारत में वनस्पति विविधता को विविध नये अन्वेषणों के साथ प्रगामी स्तर पर अद्यतन एवं विश्लेषित किया जा रहा है। इस संकलन को जैव विविधता डाटाबेस के रुप में समेकित कर विभिन्न कार्य क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोग–संयोजनों को समझने एवं अन्तर्वर्ती क्षेत्रों की पहचान हेतु उपयुक्त कार्य करने की आज त्वरित आवश्यकता है। भारत, अपने उत्तुंग उच्च शिखरीय शीत मरुस्थलों से लेकर तप्त एवं आर्द्र महासागरीय तट तक विशाल एवं विविधतापूर्ण पारितंत्रों से सुसज्जित विपुल वानस्पतिक विविधता को दर्शाता है। इन क्षेत्रों में अनवरत सर्वेक्षण एवं समन्वेषणों के फलस्वरुप लगातार नये–नये अन्वेषण हो रहे हैं।

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान के तौर पर देश में वनस्पतियों के समन्वेषण एवं वर्गिकी अध्ययन में प्रचुर योगदान कर रहा है। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण सात वर्षों से अनवरत "वनस्पति अन्वेषण" को प्रकाशित कर भारतीय पादप विविधता का निरंतर अद्यतनीकरण कर रहा है। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण तथा देश–विदेश के अनुसंधान एवं शिक्षण संस्थानों के वैज्ञानिकों ने वर्ष 2013 में पौधों, शैवाल, कवक, शैवाक, हरितोद्भिद एवं जीवाणुओं के 365 से अधिक टैक्सा अन्वेषित किए हैं।

मैं, भारतीय वनस्पति विविधता के प्रलेखन हेतु भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के वैज्ञानिक दल के श्रमसाध्य प्रयासों की प्रशंसा करता हूँ। मुझे आशा है कि विगत वर्षों की भांति "वनस्पति अन्वेषण–2013'' को नव वर्णित पौधों के बहुमूल्य संकलन के रुप में व्यापक मान्यता मिलेगी। निरन्तर सात वर्षों से वनस्पति अन्वेषण के प्रकाशन तथा भारतीय वनस्पति विविधता के अद्यतनीकरण हेतु भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण बधाई का पात्र है। यह भारत को जैव विविधता के प्रलेखन एवं अवबोध की प्रतिबद्धता में प्रचुर सहायता करेगा।

डॉ. वी. राजगोपालन



इंदिरा पर्यावरण भवन, 5वाँ तल, अलीगंज, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली-110 003 फोन : 24360721, फैक्स : 011-24362746
INDIRA PARYAVARAN BHAWAN, 5TH FLOOR, ALIGANJ, JOR BAGH ROAD, NEW DELHI-110 003, Ph. : 24360721, Fax : 011-24362746
E-mail : vrg.iyer@nic.in, vrgiyer@gmail.com

डॉ. वी. राजगोपालन, आई.ए.एस
DR. V. RAJAGOPALAN, IAS



सचिव
भारत सरकार
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
Secretary
Government of India
Ministry of Environment and Forests



MESSAGE

Comprehensive documentation and identification of its biodiversity resources is an important commitment of India to contribute towards achieving the CBD targets. In this regard, inventory of plant diversity in India is being progressively updated and analyzed with several new discoveries. However, integrating this inventory into a biodiversity database is need of the hour for understanding the potential linkages among various sectors and implementation of appropriate action for identifying the gap areas. India is endowed with diverse ecosystems ranging from high altitude cold deserts to hot and humid coast lands which show rich floral diversity. Continuous survey and exploration in these areas have added new discoveries.

Botanical Survey of India (BSI), a premier research organization has been contributing immensely towards exploration and taxonomic studies of plants of our country. I am pleased to know that, BSI is regularly publishing plant discoveries for the seventh consecutive year and is updating the current status of Indian plant diversity. Scientists of BSI and from a vast spectrum of research and teaching institutions within and outside the country have added more than 365 taxa of plants, algae, fungi, lichens, bryophytes and microbes during 2013.

I commend the painstaking efforts of the BSI for documenting Indian plant diversity. I hope like previous years, the "Plant Discoveries 2013" will be widely acclaimed as a valued compilation on newly described plants. I congratulate BSI for bringing out the Plant discoveries for the seventh consecutive year and presenting the updated status of Indian plant diversity which will immensely help in fulfilling India's commitment for documenting and understanding biodiversity.

Dr. V. RAJAGOPALAN



इंदिरा पर्यावरण भवन, 5वाँ तल, अलीगंज, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली-110 003 फोन : 24360721, फैक्स : 011-24362746
INDIRA PARYAVARAN BHAWAN, 5TH FLOOR, ALIGANJ, JOR BAGH ROAD, NEW DELHI-110 003, Ph. : 24360721, Fax : 011-24362746
E-mail : vrg.iyer@nic.in, vrgiyer@gmail.com

एच. के. पाण्डे, आई.ए.एस
H. K. Pande, IAS



अपर सचिव
भारत सरकार
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
Additional Secretary
Government of India
Ministry of Environment and Forests



प्राक्कथन

वनस्पति विविधता के उपयोग एवं व्याप्ति सहित उनके अवबोध एवं प्रलेखन जैव विविधता संरक्षण हेतु वर्तमान कौशल योजना के अंतर्गत प्राप्य प्रमुख लक्ष्यों में से एक है। वर्गिकी पद्धति एवं वर्गिकी, जैव संरक्षण विज्ञान तथा विलुप्ति, संकटापन्न प्राकृतवास परिवर्तन, अत्यधिक उपयोग की स्थिति में सम्बद्ध प्राकृतवासों पर अनुसंधान बड़ी चुनौतियां हैं। देश के जैव विविधता सम्पन्न क्षेत्रों की सूची बनाना तथा सभी ज्ञात वनस्पति जातियों की प्रभावी सूची विकसित करने की आवश्यकता है।

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, एक प्रमुख अनुसंधान संगठन देश की भौगोलिक सीमा के अन्दर सभी जातियों के प्रलेखन में विपुल योगदान कर रहा है। यह विगत सात वर्षों से वार्षिक "वनस्पति अन्वेषण" प्रकाशित करता आया है। इसका प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विमोचन किया जाता है। एक ही प्रकाशन में देश के नये अन्वेषण तथा नये व्याप्ति अभिलेखों को संजोकर जन साधारण को उपलब्ध कराना सराहनीय है। इस प्रकाशन में उपलब्ध सूचना राष्ट्र की वनस्पति विविधता की वर्तमान स्थिति पर हमारा ज्ञान अद्यतन करने के साथ ही ऐसे अन्तर्वर्ती क्षेत्रों को पहचानने में मदद करता है, जिनमें पुनः गवेषण का प्रयोजन है।

देश–विदेश के अनुसंधान एवं शिक्षण संस्थानों के वर्गीकर वैज्ञानिकों द्वारा शैवाल, कवक एवं जीवाणुओं के 365 से अधिक पौधों, नये वंशों, जातियों, उपजातियों एवं प्रभेदों के 2013 में प्रलेखन किए जाने से मैं हर्षित हूँ।

मैं विस्तृत सुदूरवर्ती क्षेत्रों की गवेषणा से नये पौधों का परिचय करवाने हेतु भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण एवं अन्य संगठनों के वैज्ञानिकों के श्रमसाध्य अभियानों की सराहना करता हूँ। अनवरत सात वर्षों से वनस्पति अन्वेषण प्रकाशित करने के लिए मैं निदेशक, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण एवं उनके वैज्ञानिक सहयोगियों के प्रयासों की भी प्रशंसा करता हूँ। मुझे विश्वास है कि इस प्रकाशन से भारतीय वनस्पति विविधता के सम्बंद्ध में हमारा ज्ञान बढ़ेगा एवं इससे जनसाधारण तथा इस क्षेत्र से जुड़े वैज्ञानिकों में जागरुकता आएगी ।

एच. के. पाण्डे



इंदिरा पर्यावरण भवन, 5वाँ तल, अलीगंज, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली-110 003 फोन : 24695130, फैक्स : 011-24695137
INDIRA PARYAVARAN BHAWAN, 5TH FLOOR, ALIGANJ, JOR BAGH ROAD, NEW DELHI-110 003, Ph. : 24695130, Fax : 011-24695137
E-mail : hempande@nic.in

एच. के. पाण्डे, आई.ए.एस
H. K. Pande, IAS



अपर सचिव
भारत सरकार
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
Additional Secretary
Government of India
Ministry of Environment and Forests



FOREWORD

Understanding and documenting plant diversity including its use and distribution is one the targets to be achieved under the current Strategic Plan for Biodiversity conservation. Research on systematics and taxonomy, conservation biology in the context of danger of extinction, threatened habitat transformation and over exploitation are greatest challenges. There is an urgent need to give special attention for inventorying the country's biodiversity rich areas and to develop a working list of all known plant species.

Botanical Survey of India (BSI), a premier research organization of our country has been contributing immensely towards documentation of all species within our geographic boundary and has been publishing "Plant Discoveries" annually for the last seven years, which is released every year on the World Environment Day. To bring out the country's new discoveries and new distributional records in one publication and make it available to the general public is truly admirable. The information contained in the publication is not only updating our knowledge on current status of plant diversity of the nation, but also helps in identifying the gap areas and groups that need to be further explored.

I am happy to know that, plant taxonomists from a vast spectrum of research and teaching institutions within and outside the country have documented more than 365 new genera, species, subspecies, and varieties of plants, algae, fungi and microbes during 2013.

I applaud the arduous efforts of the scientists of BSI and all other organizations for exploring the vast remote areas of our country and for bringing out the new plants to limelight. I also appreciate efforts of Director, BSI and his team of dedicated scientists for documenting the Plant discoveries for the seventh consecutive year. I am sure that the publication will enhance our knowledge on Indian plant diversity and will create awareness amongst the public in general and the botanical fraternity in particular.

H. K. Pande



इंदिरा पर्यावरण भवन, 5वाँ तल, अलीगंज, जोर बाग रोड़, नई दिल्ली-110 003 फोन : 24695130, फैक्स : 011-24695137
INDIRA PARYAVARAN BHAWAN, 5TH FLOOR, ALIGANJ, JOR BAGH ROAD, NEW DELHI-110 003, Ph. : 24695130, Fax : 011-24695137
E-mail : hempande@nic.in

डा. परमजीत सिंह
निदेशक
Dr. Paramjit Singh
Director



भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
MINISTRY OF ENVIRONMENT & FORESTS
भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण
BOTANICAL SURVEY OF INDIA

प्रस्तावना

2008 से प्रकाशित "वनस्पति अन्वेषण" के छः पूर्वांक को देश की राजनीतिक सीमा के अन्दर पौधों के नये अन्वेषण पर बहुमूल्य संकलन के रुप में व्यापक मान्यता मिली है। वार्षिक अवधि में विश्व के विभिन्न भागों से प्रकाशित शोध पत्रिकाओं के विपुल विन्यास में बिखरी ऐसी सूचनाओं का भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संकलन करता आ रहा है। इसका प्रथम संकलन मात्र भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के वैज्ञानिकों के शोध परिणामों तथा प्रकाशनों पर आधारित था। बाद में आने वाले अंकों में वर्गीकरों के कार्यस्थल एवं सम्बद्धता से परे उनके द्वारा भारत से वर्णित सभी वनस्पति जातियों को शामिल किया गया है। यह विगत वर्ष में देश में अन्वेषित वनस्पतियों की नयी जातियों एवं नये व्याप्ति अभिलेखों का एकमेव संकलन है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय तथा वर्गीकर समुदाय का इसमें अतिशय समर्थन एवं योगदान प्राप्त होता आया है ।

पौधों के नये अन्वेषण के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि भारत में वर्गिकी अनुसंधान की प्रवृत्ति बढ़ रही है, विशेषकर निम्न वनस्पति समूह से जिनमें कई नवीन जातियों का अन्वेषण हुआ है। ऐसा माना जाता था कि पूर्वी घाट तथा तटीय अंचलों जैसे पादप भौगोलिक क्षेत्रों की भलीभाँति गवेषणा हुई है। आज उन क्षेत्रों के प्राकृतिक पर्यावरण में विभिन्न मानवीय प्रभावों के बावजूद पुष्पीय पौधों के महत्वपूर्ण नये–नये अन्वेषण सामने आ रहे हैं ।

वर्ष 2013 में ही भारतीय वनस्पति जात में पुष्पीय पौधों, शैवालों, कवकों, शैवाक तथा जीवाणुओं की विशिष्ट श्रेणियों की 366 जातियों की वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रयास में हमें देश–विदेश के सभी पादप वर्गीकरों से सहयोग मिला है। अपने शोध परिणाम, शोध पत्रों एवं छायाचित्रों को उपलब्ध करवाने के लिए हम उनके अत्यंत आभारी हैं।

ऐसा देखा गया है कि नवीन वर्णित वनस्पति जातियों के कुछ प्ररुप नमूने प्रकाशन में उल्लेखित पादपालयों में जमा नहीं किये गये हैं। जैव विविधता अधिनियम, 2002 के अनुच्छेद 39 के उप–अनुच्छेद पर ध्यानाकर्षण करें जिसमें अनुबंध है कि *"किसी भी व्यक्ति के द्वारा किसी नवीन जाति वर्ग (टैक्सॉन) को अन्वेषित किया जाता है, तो उसे निर्दिष्ट किये गये संस्थानों एवं संग्रहणालयों को अधिसूचित किया जायेगा एवं अन्वेषणकर्ता द्वारा वाउचर नमूने को इस हेतु अधिकृत संस्थानों एवं संग्रहणालयों में संग्रहित किया जायेगा।"* हम आशा करते हैं कि 2 मिलियन से भी अधिक पादप नमूनों के संरक्षक एवं निर्दिष्ट संग्रहणालयों (परिशिष्ट–I) में से एक भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण देश में ही नहीं अपितु क्षेत्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पादप वर्गीकी अध्ययन में सुसाध्यता एवं उद्दीपन में सहायता करता रहेगा।

पूर्व प्रकाशित अंकों की भांति "वनस्पति अन्वेषण 2013" वर्ष 2013 में अन्वेषित और प्रकाशित नये भारतीय वनस्पति पर विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों का संकलन है (विगत वर्षों के कुछ आंकड़े भी हमें अभी उपलब्ध हुए)। हमें आशा है कि यह विगत वर्षों की भाँति वनस्पतिज्ञों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों, नीति निर्धारकों एवं जनसाधारण के लिए एक संदर्भ ग्रंथ सिद्ध होगा। इसमें दी गई वानस्पतिक सूचनायें तथा कुछ छायाचित्र एक्टा बॉटेनिका हंगेरिका, एक्टा फायटो टैक्सा जियो बॉटेनिका, अमेरिकन फर्न जर्नल, एनल्स ऑफ प्लांट साइंस, बांग्लादेश जर्नल ऑफ बॉटनी, बायोसाइंस डिस्कवरी, एडिनबर्ग जर्नल ऑफ बॉटनी, फेड्डस रिपर्टस, फोलिया मलेशियाना, गार्डन बुलेटिन सिंगापुर, जियोफायटोलॉजी, इंडियन जर्नल आफ फॉरेस्ट्री, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एडवांस रिर्सच टैक्सास, इंडियन फायटो पैथ, इंडियन जर्नल ऑफ प्लांट साइंस, इंडियन जर्नल फंडामेंटल एंड एप्लाइड लाइफ सांइसेज, इंटरनेशनल जर्नल आफ सिस्टेमेटिक एंड इवोल्युशनरी माइक्रो बाइलोजी, इंटरनेशनल जर्नल आफ प्लांट, एनिमल एंड इन्वायरोंमेंट सांइस, जर्नल आफ ब्रायलॉजी, जर्नल ऑफ जैपनीज बॉटनी, जर्नल ऑफ मायकोलॉजी एंड प्लांट पैथोलॉजी, जर्नल ऑफ इंडियन बॉटेनिकल सोसायटी, जर्नल आफ थ्रेटेंड टैक्सा, क्यू बुलेटिन, लाइकेनोलॉजिस्ट, लिंडबर्जिआ, मायकोस्फीयर, मायकोटैक्सॉन, मायकोबायोटा, नी–बायो, निलम्बो, नॉर्डिक जर्नल ऑफ बॉटनी, नोवोन, फायटोकीज, फायटोटैक्सा, फायटोटैक्सोनोमी, प्लांट पैथोलॉजी एंड क्वरेंटाइन, रीडिया, ताइवानिया, टैक्सॉन एवं वेब्बिया आदि में प्रकाशित शोध पत्रों से लिये गये हैं। उपरोक्त प्रकाशित शोधपत्र उपलब्ध कराने हेतु हम कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

परमजीत सिंह
निदेशक
भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण

सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, तृतीय एम.एस.ओ. भवन, ब्लॉक एफ, पाँचवाँ और छठा तल, डी एफ ब्लॉक, सेक्टर-1, साल्ट लेक, कोलकाता-700 064
फोन : 033-23344963, फैक्स : 033-23346040 ई-मेल : paramjitsingh@bsi.gov.in
CGO Complex, 3rd MSO Building, Block F, 5th & 6th Floor, DF Block, Sector 1, Salt Lake, Kokata-700 064
Phone : 033-23344963, Fax : 033-23346040 E-mail : paramjitsingh@bsi.gov.in

डा. परमजीत सिंह
निदेशक
Dr. Paramjit Singh
Director



भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय
MINISTRY OF ENVIRONMENT & FORESTS
भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण
BOTANICAL SURVEY OF INDIA

PREFACE

The previous six issues of 'Plant Discoveries' published since 2008 have been widely acclaimed as a valued compilation on new discoveries of plants within the political boundary of our country. Botanical Survey of India has been compiling this information, otherwise scattered in vast array of journals published from different parts of world, on yearly basis. The first compilation was based on the scientific results and publications of BSI scientists only, however in the latter issues; all species that have been described from India by taxonomists irrespective of their place of work or affiliation have been included. Interestingly, this turned out to be a single set of anthology on the new species and new distributional records of plants discovered from the country during the previous calendar year. The Ministry of Environment and Forests and taxonomic fraternity has been extremely supportive in this effort.

The compilation of new discoveries of plants when analyzed, clearly show the trend of increasing interest in taxonomic research, especially in the field of the lower plant groups where maximum new discoveries have been made. Even some of the phytogeographic regions like eastern Ghats and coastal regions, which were thought to be very well explored, have been dishing out interesting new discoveries of flowering plants, in spite of various anthropogenic influences in the natural environment.

During the year 2013 alone about 366 species and infra-specific categories of flowering plants, fungi, lichens, algae and microbes have been added to the Indian flora. In this effort, we were ably supported by all taxonomists from India and abroad. We are extremely grateful to each one of them for sharing their research results, papers and photographs.

It has been observed that, type specimens of some of these newly described plant species have not been deposited in the herbarium indicated in the publication. Attention is further drawn to the subsection (3) of section 39 of the Biological Diversity Act, 2002 which stipulates that *"Any new taxon discovered by any person shall be notified to the repositories or institutions designated for this purpose and he shall deposit the voucher specimens with such repository or institution."* We sincerely hope that as custodians of more than 2 million plant specimens and as one of the designated repository (Appendix I), BSI can further help in facilitating and stimulating taxonomic research and collaborative efforts not only in the country, but also at regional and international level.

'Plant Discoveries 2013' like its earlier issues, is a compilation of data from various sources on new Indian plants discovered and published during 2013 (and a few from earlier years that became available to us now). We hope that like earlier years, it will serve as a reference book for botanists, researchers and teachers, policy makers and general public. Information and some of the photographs included here have been sourced from the papers published in Acta Botanica Hungarica, Acta Phytotaxa Geobotanica, American fern Journal, Annals of Plant Science, Bangladesh Journal of Botany, Bioscience Discovery, Edinburg Journal of Botany, Feddes Repert, Folia Malaysiana, Garden Bulletin Singapore, Geophytology, Indian Journal of Forestry, International Journal of Advanced Research Texas, Indian Phytopath, Indian Journal of Plant Science, Indian Journal Fundamental and Applied Life Sciences, International Journal of Systematic and Evolutionary Microbiology, International Journal of Plant Animal & Environment Science, Journal of Bryology, Journal of Japanese Botany, Journal of Basic & Applied Biology, Journal of Systematic and Evolution, Journal of Mycology and Plant Pathology, Journal of Indian Botanical Society, Journal of Threatened Taxa, Kew Bulletin, Lichenologist, Lindbergia, Mycosphere, Mycotaxon, Mycobiota, NeBIO, Nelumbo, Nordic Journal of Botany, Novon, Phyto Keys, Phyto Taxa, Phytotaxonomy, Plant Pathology & Quarantine, Rheedea, Taiwania, Taxon and Webbia etc. We thankfully acknowledge them for sharing these published works.

Paramjit Singh
Director
Botanical Survey of India

सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, तृतीय एम.एस.ओ. भवन, ब्लॉक एफ, पाँचवाँ और छठा तल, डी एफ ब्लॉक, सेक्टर-1, साल्ट लेक, कोलकाता-700 064
फोन : 033-23344963, फैक्स : 033-23346040 ई-मेल : paramjitsingh@bsi.gov.in
CGO Complex, 3rd MSO Building, Block F, 5th & 6th Floor, DF Block, Sector 1, Salt Lake, Kokata-700 064
Phone : 033-23344963, Fax : 033-23346040 E-mail : paramjitsingh@bsi.gov.in

परिचय

भारत विश्व के दस जातीय समृद्ध देशों की सूची में स्थान रखता है एवं अपनी इस अद्वितीय जैव विविधता तथा उच्च स्थानिक जातियों के लिए सुविख्यात है। भारत में जैव विविधता के चार प्रमुख उत्पत्त स्थल (हॉट–स्पॉट) हैं, जिनमें (पूर्वी हिमालय, इंडो–बर्मा, पश्चिमी घाट एवं श्रीलंका तथा सुन्डालैंड) शामिल हैं। भौगोलिक स्थिति, जलवायुवीय कारकों, स्थलाकृति अवस्थितियों तथा समुद्रतल से ऊंचाई में भिन्नता के फलस्वरुप विभिन्न प्रकार के पारितंत्रीय प्रणालियों यथा–वनों, घास के मैदानों, नमभूमि क्षेत्रों, मरुस्थल, तटवर्ती एवं समुद्री पारितंत्रों का निर्माण होता है जो समृद्ध वानस्पतिक विविधता को प्रदर्शित करते हैं। ये क्षेत्र स्थानिकता का उच्चपरिमाण, दुर्लभ एवं संकटापन्न वनस्पति जातियों की उच्च व्यापकता को दर्शाते हैं।

भारतीय वनस्पतिजात विश्व की सम्पूर्ण अभिलेखित पादप जातियों का लगभग 11.4 प्रतिशत है। इनमें से लगभग 28 प्रतिशत भारतीय पादप जातियां यहां की स्थानिक जातियां हैं ।

हमारे वर्तमान ज्ञान के अनुसार भारत में लगभग 47513 जाति के पौधों का पहले ही अभिनिर्धारण एवं वर्गीकरण किया जा चुका है। जबकि अभी भी अनेक जातियों का अभिनिर्धारण एवं वर्णन किया जाना अपेक्षित है। भारत से अभिलेखित पादप जातियों का समूहवार विवरण निम्नवत है ।

वर्ष 2013 के दौरान पौधों के 8 नये वंश, 199 नयी जातियां, 6 नवीन अवजातीय विशिष्ट जातियों का अन्वेषण किया गया जिनमें 139 नवीन वितरणपरक अभिलेख एवं 14 नवीन अवजातीय विशिष्ट जातियां भारत से प्रथम बार अभिलेखित की गईं। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के वैज्ञानिकों ने 1 नये वंश, 45 नयी जातियों एवं 2 नयी उप

PREAMBLE


India ranks among the top ten species rich nations in world and known for its rich biological diversity and high endemism. India has four biodiversity hotspots, (Eastern Himalaya, Indo-Burma, Western Ghats and Sri Lanka, and Sundaland). The varied edaphic, climatic and topographic conditions and altitudinal variations have resulted in a wide range of ecosystems and habitats such as forests, grasslands, wetlands, deserts, and coastal and marine ecosystems which exhibit a rich floristic diversity. These regions show high degree of endemism and higher incidence of rare and threatened plant species.

The Indian Flora accounts for about 11.4 per cent of the total recorded plant species of the world. About 28 per cent of the Indian plants are endemic to the country.


In the present state of our knowledge India has about 47513 species of plants already identified and classified, but there are still many yet to be identified and described. The group wise statuses of species presently recorded from India are given below:

During the year 2013, discovery of 8 new genera, 199 new species, 6 new infra specific taxa were made from India while new distributional records of 139 species and 14 infra specific taxa were reported first time India. Scientists of BSI described and published 1 new genus, 45 new species and 2 new subspecies/varieties of plants while reported 45 species, 2 subspecies, 4 varieties and 1 forma as new distributional records for India.


समूह Group	भारत में पाई जाने वाली जातियों की संख्या No. of Species in India	भारतीय वनस्पति में प्रतिशत Percentage of Indian Flora
विषाणु / जीवाणु /Virus/Bacteria	1036	2.18
शैवाल/Algae	7284	15.33
कवक/Fungi	14883	31.32
शैवाक/Lichens	2401	5.05
हरितोद्भिद/Bryophytes	2523	5.30
पर्णांग (टेरिडोफाईट्स)/Pteridophytes	1268	2.66
अनावृत्तबीजी/Gymnosperms	75	0.15
आवृत्तबीजी/Angiosperms	18043	38.01
योग/TOTAL	**47513**	**100.00**



(Fig.-1)



(Fig.-2)



(Fig.-3)

जातियों, प्रभेदों का वर्णन व प्रकाशन किया है, जबकि भारत के लिए नये वितरणपरक अभिलेख के रुप में 45 जातियां 2 उप जातियां, 4 प्रभेदों एवं 1 रुप को अभिलेखित किया गया है।

वर्ष 2013 के दौरान हुए कुल अन्वेषणों में कवकों का अधिकतम 35 प्रतिशत एवं बीजीय पौधों का अधिकतम 32 प्रतिशत दर्ज किया गया। इसमें पर्णांग मात्र एकल नये वितरणपरक अभिलेख के साथ सबसे कम प्रतिशत का योगदान करता है। 2013 के कुल अन्वेषणों में जीवाणु, शैवाल, हरितोद्भिद एवं शैवाक का प्रतिशत क्रमशः 14, 11, 5 एवं 3 प्रतिशत दर्ज किया गया है। (चित्र–1)

वर्ष 2013 के दौरान हुए कुल अन्वेषणों में पश्चिमी घाट का 29 प्रतिशत तत्पश्चात पूर्वी हिमालय का 20 प्रतिशत रहा है। कुल अन्वेषणों में पश्चिमी हिमालय एवं दक्कन प्रायद्वीप में प्रत्येक का 14 प्रतिशत अंश दर्ज किया गया। जबकि उत्तरी पूर्वी भारत का 9 प्रतिशत अन्वेषण दर्ज किया गया है। वर्ष 2013 के दौरान हुए कुल पादप अन्वेषणों में प्रमुख वनस्पति समृद्ध क्षेत्रों में से एक अंडमान व निकोबार द्वीप समूह का 5 प्रतिशत अन्वेषण दर्ज किया गया है। कुल अन्वेषणों में पूर्वी भारत का 6 प्रतिशत, उपोष्ण क्षेत्र का 3 प्रतिशत जबकि मध्य भारत से 1 पादप जाति अन्वेषित की गई है। (चित्र–2)

बीजीय पौधों के कुल अन्वेषणों में पूर्वी हिमालय से सबसे अधिक (28 प्रतिशत), तत्पश्चात पश्चिमी घाट (22 प्रतिशत), उत्तर पूर्वी भारत व द्वीप समूह (13 प्रतिशत), पश्चिमी हिमालय (10 प्रतिशत), दक्कन प्रायद्वीप (8 प्रतिशत) एवं पूर्वी भारत से (5 प्रतिशत) दर्ज किया गया है। बीजीय पौधों के कुल अन्वेषणों में मध्य भारत से 1 प्रतिशत दर्ज किया गया है। (चित्र–3)

During 2013, Fungi contributed the maximum with 35 per cent of the total discoveries followed by seed plants by 32 per cent of the total discoveries. Pteridophytes contributed the least with single new distributional record while Microbes, Algae, Bryophytes and Lichens accounted for 14, 11, 5 and 3 per cent of the total discoveries during 2013. (Fig.-1)

Western Ghats accounted for 29 per cent of the total discoveries made during 2013 followed by the Eastern Himalaya (20 per cent), Western Himalaya and Deccan peninsula accounts 14 per cent each, while North east India accounted 9 per cent of the total discoveries. The Andaman & Nicobar Islands, one of the highly floristically rich regions accounted for 5 per cent of the total number of plants discovered during 2013. The Eastern India accounted for 6 per cent of the total discoveries, the semi-arid regions accounted for 3 per cent each of the total discoveries, while from Central India only one species is discovered. (Fig.-2)

Among the seed plants, maximum new discoveries have been made from the Eastern Himalaya (28 per cent), followed by the Western Ghats (22 per cent), north eastern India and Islands (13 per cent each), Western Himalaya (10 per cent), Deccan peninsular (8 per cent), eastern India (5 per cent). Central India accounted only one per cent of the total discoveries of seed plants. (Fig.-3)



Courtesy : M. Sabu

बीजीय पौधे/SEED PLANTS

बीजीय पौधे (स्पर्मेटोफाइट्स) पृथ्वी के सबसे विकसित स्थलीय पौधे हैं तथा परंपरागत रूप आवृतबीजी और अनावृत्त बीजी पुष्पीय पादपों में विभाजित है। हमारे वर्तमान ज्ञान के अनुसार भारत में आवृतबीजी जातियों की संख्या लगभग 18043 है, जब कि अनावृत्त बीजी जातियों की संख्या लगभग 75 है। इस प्रकार की अनेकानेक जातियों का अन्वेषण एवं वर्णन अभी बाकी है।

इस क्रमवार सूचना में 1 वंश, 61 नयी जातियां

(केरल से 22, अरूणाचल प्रदेश से 11, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह एवं हिमाचल प्रदेश से क्रमशः 5, तमिलनाडु एवं आन्ध्र प्रदेश से 4, पश्चिम बंगाल से 3, महाराष्ट्र एवं मिजोरम से क्रमशः 2 एवं असम, कर्नाटक मणिपुर, मेघालय एवं सिक्किम में प्रत्येक से 1)

6 अवजातीय प्रभेद एवं भारत से 51 नए वितरण परक अभिलेख सम्मिलित हैं।

Seed plants(Spermatophytes) are the most evolved land plants on earth and are traditionally divided into flowering plants (or angiosperms) and gymnosperms.

In the present state of our knowledge India has about 18043 species of angiosperms and 75 species of gymnosperms. Many more are yet to be identified and described.


The collated information presented here includes

1 new genus, 61 new species

(22 from Kerala, 11 from Arunachal Pradesh, 5 each from Andaman & Nicobar Islands and Himachal Pradesh, 4 each from Tamil Nadu and Andhra Pradesh, 3 from West Bengal, 2 each from Maharashtra and Mizoram, 1 each from Assam, Karnataka, Manipur, Meghalaya, Sikkim).

6 infra specific taxa(varieties)and

51 new distributional records from India.



विभिन्न राज्यों से अन्वेषित बीजीय पौधे
SEED PLANTS DISCOVERED FROM DIFFERENT STATES

नैनोरैविया किरण राज एवं सिवद, नार्डिक ज. बॉट. 31: 162. 2013. (पोएसी)

इस नवीन वंश का वर्णन *डायमेरिया संतापाऊई* एम. आर. एल्मिडा के आधार पर किया गया है। पूर्व में इसका वर्णन कर्नाटक के उत्तरी कन्नड़ जिले से 1919 में एल. जे. सेजविक तथा टी. आर. डी. बेल द्वारा संग्रहित नमूनों के आधार पर किया गया था। इसके प्ररूप अंचलों एवं निकटवर्ती क्षेत्रों से जातियों के साम्प्रतिक संग्रह की जांच से अपसारी असीमाक्ष की अनुपस्थिति, दीर्घ कैलस, पालियुक्त उपान्त के साथ पक्ष एवं कणिश कवच के कारण नई जाति को अलग करने में सहायता मिली है। वंश *नैनोरेविया सांतापाऊई* की प्ररूप जाति की व्याप्ति दक्षिणी–पश्चिमी घाट, केरल तथा कर्नाटक में है। इस वंश का नामकरण पादप वर्गीकी के समर्पित शिक्षक एवं भारत के प्रसिद्ध तृणविज्ञानी प्रो. नानू रवि के सम्मान में किया गया है।

Nanooravia Kiran Raj & Sivad., Nordic J. Bot.31: 162. 2013. (POACEAE)

This new genus has been described on the basis of *Dimeria santapaui* M. R. Almeida, which was described previously based on specimens collected by L. J. Sedgwick and T. R. D. Bell in 1919 from 'North Kanara' (Uttar Kannada Dist.) of Karnataka. Examination of recent collections of the species from its type locality and adjacent regions has helped in segregating the new genus on the accout of absence of divergent racemes, long callus, wing & keelless glumes, with auricled margins. The type species of the genus *Nanooravia santapaui* is distributed in South-Western Ghats, Kerala and Karnataka. The genus is named in honour of Prof. Nanoo Ravi, a dedicated teacher of plant taxonomy and well-known agrostologist of India.

नवीन जातियां / NEW SPECIES

एबल्मोस्कस इन्बीपीजियारेन्से जे. जॉन, स्कैरिया, निसार, के. वी. भट्ट एवं एस. आर. यादव, नार्डिक ज. बॉट. 31: 172. 2013. (मालवेसी)

इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन केरल राज्य के पलक्कड़ जिले के मंगलम् बांध क्षेत्र से 50मी० की ऊंचाई से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप राष्ट्रीय कृषि पौध पादपालय, एनबीपीजीआर, नई दिल्ली (एनएचसीपी) एवं सम–प्ररूप क्रमशः केन्द्रीय राष्ट्रीय पादपालय, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, हावड़ा (सीएएल), पादपालय वनस्पति विज्ञान विभाग, कालीकट विश्वविद्यालय (सीएएलआई) एवं पादपालय भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र, कोयम्बटूर (एमएच) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण राष्ट्रीय पादप आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली के नाम पर आधारित है।

Abelmoschus enbeepeegearense J. John, Scariah, Nissar, K. V. Bhat & S. R. Yadav, Nordic J. Bot. 31: 172. 2013. (MALVACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Mangalam Dam in Palakkad district, Kerala at 50m altitude. The holotype is deposited in the National Herbarium of Cultivated Plants, NBPGR, New Delhi (NHCP) and isotypes are in Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL), Herbarium, Department of Botany, Calicut University (CALI) and Herbarium of Botanical Survey of India, Southern Regional Centre, Coimbatore (MH). The specific epithet refers to National Bureau of Plant Genetic Resources, New Delhi (NBPGR).

एकेन्थस अल्बस देबनाथ, बी. के. सिंह एवं पी. गिरी, इंड. ज. फॉर. 36(3): 411.2013. (एकेन्थेसी)

इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन पश्चिम बंगाल राज्य के उत्तर 24–परगना के बशिरहाट एवं हरिशपुर, सुंदरवन जैव आरक्षित क्षेत्र से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप केंद्रीय राष्ट्रीय पादपालय, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, हावड़ा (सीएएल) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण लैटिन भाषा के *अल्बस* पर आधारित है, जो इस प्रजाति के सफेद पुष्पों का द्योतक है।

Acanthus albus Debnath, B.K. Singh & P. Giri, Ind. J. For. 36(3): 411. 2013. (ACANTHACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Sunderban Biosphere Reserve, Basirhat, Harishpur, North 24-Parganas district of West Bengal. The holotype is deposited in Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL). The specific epithet is derived from the Latin term *albus*, that signifies the white flowers of this new species.

एक्टीनोडेफ्ने शेन्दूरूनाई रोबी एवं उदायन, इं. ज. प्लां. एनिम. इंवाय. साइं., 3(3): 185. 2013. (लॉरेसी)



इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन केरल राज्य के कोल्लम जिले में स्थित शेन्दुरूनी वन्य जीव अभयारण्य से 850मी० की ऊंचाई से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, केंद्रीय राष्ट्रीय पादपालय, हावड़ा (सीएएल) एवं सम–प्ररूप क्रमशः भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण पादपालय, दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र, कोयम्बटूर (एमएच), औषधीय पादप अनुसंधान केंद्र, कोट्टाक्कल (सीएमपीआर), वनस्पति विज्ञान विभाग पादपालय, कालीकट विश्वविद्यालय (सीएएलआई) एवं पादपालय केरल वन अनुसंधान संस्थान (केएफआरआई) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण इसके प्राप्ति स्थल शेन्दुरूनी वन्यजीव अभयारण्य के नाम पर किया गया है।

Actinodaphne shendurunii Robi & Udayan, Int. J. Pl. Anim. Env. Sci., 3(3):185. 2013. (LAURACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Shenduruni Wildlife Sanctuary, Kallar, Kollam district, Kerala, India, at about 850m altitude. The holotype is deposited in Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL), and isotypes are in Botanical Survey of India, Southern Regional Centre, Coimbatore (MH), Herbarium of the Centre for Medicinal Plants Research, Kottakkal (CMPR), Herbarium of Department of Botany, University of Calicut (CALI) and Herbarium of Kerala Forest Research Institute (KFRI). The species is named after the type locality Shenduruni Wildlife Sanctuary.

अमोमम डम्पुइएनम वी. पी थॉमस, एम. साबू एवं एच. लालरम्नघिनलोवा, नार्डिक ज. बॉट. 31: 561. 2013. (जिन्जीबेरेसी)

इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन मेघालय राज्य के डमपूई संरक्षित क्षेत्र के वन प्रभाग से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप पादपालय, वनस्पति विज्ञान विभाग, कालीकट विश्वविद्यालय (सीएएलआई) एवं सम–प्ररूप केन्द्रीय राष्ट्रीय पादपालय, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, हावड़ा (सीएएल) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण जाति प्ररूप के प्राप्ति स्थान डमपूई वन्य क्षेत्र पर आधारित है।




Amomum dampuianum V. P. Thomas, M. Sabu & H. Lalramnghinglova, Nordic J. Bot., 31: 561. 2013. (ZINGIBERACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Dampui Reserve Forest, Mamit district of Mizoram, India. The holotype is deposited in Herbarium of Department of Botany, University of Calicut (CALI) and isotypes are in Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah(CAL). This species is named after the type locality, Dampui Reserve forest, Mizoram.

अमोमम मिजोरामेन्से एम. साबू, वी. पी. थॉमस एवं एल. वांच्चव्यांग, नार्डिक ज. बॉट. 31: 565. 2013. (जिन्जीबेरेसी)

इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन मिजोरम राज्य के मामित जिले डमपूई संरक्षित क्षेत्र के वन प्रभाग से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप पादपालय, वनस्पति विज्ञान विभाग, कालीकट विश्वविद्यालय, (सीएएलआई) एवं सम–प्ररूप क्रमशः केन्द्रीय राष्ट्रीय पादपालय, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, हावड़ा (सीएएल), भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, पूर्वी क्षेत्रीय केंद्र, शिलांग (एएसएसएएम) के पादपालयों में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण इसके प्राप्ति राज्य मिजोरम पर आधारित है।



Amomum mizoramense M. Sabu, V. P. Thomas & L. Vanchhawng, Nordic J. Bot. 31: 565. 2013. (ZINGIBERACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Dampui Reserve Forest, Mamit district of Mizoram. The holotype is deposited in Herbarium, Department of Botany, University of Calicut (CALI) and isotypes are in Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL) and Herbarium of Botanical Survey of India, Eastern Regional Centre, Shillong (ASSAM). This species is named after the state of its occurrence.

अमोमम सहयाद्रिकम वी. पी. थॉमस एवं एम. साबू, नोवोन 22: 321. 2013. (जिन्जीबेरेसी)



इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन केरल राज्य के तिरूवनंतपुरम जनपद के अगस्त्यामाला, अथिरूमाला नामक स्थान से 1014 मी० की ऊंचाई से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप पादपालय वनस्पति विज्ञान विभाग, कालीकट विश्वविद्यालय (सीएएलआई) एवं सम–प्ररूप भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण पादपालय, दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र, कोयम्बटूर (एमएच) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण पश्चिमी घाट में जाति के प्ररूप प्राप्ति स्थल के मलयालम नाम पर आधारित है।

Amomum sahyadricum V.P. Thomas & M. Sabu, Novon 22: 321. 2013. (ZINGIBERACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Agastyamala, Athirumala of Thiruvananthapuram district, Kerala at 1014m altitude. The holotype is deposited in the Herbarium of Department of Botany, University of Calicut (CALI) and isotypes are in herbarium of Botanical Survey of India, Southern Regional Centre, Coimbatore (MH). The new species is named after the Malyalam name of the type locality.

एप्रोसा इंडो–एक्यूमिनाटा चक्रब. एवं एन. पी. बालाकृ., फ्लो. इंडिया 23: 369. 2012. (यूफोरबिऐसी)

इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन केरल राज्य के इडूक्की जिले में पून्गावनम–सबरीमाला से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप केंद्रीय राष्ट्रीय पादपालय, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, हावड़ा (सीएएल) एवं समप्ररूप पादपालय भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण,दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र, कोयम्बटूर (एमएच) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण इसकी समानता *एप्रोसा* की अन्य जाति *ए. एक्यूमिनाटा* थ्वेट्स, से होने पर आधारित है।

Aprosa indo-acuminata Chakrab. & N.P. Balakr., Fl. India 23: 369. 2012. (EUPHORBIACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Poongavanam-Sabrimala in Idukki district of Kerala. The holotype is deposited in the Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL) and isotypes are in Herbarium, Botanical Survey of India, Southern Regional Centre, Coimbatore (MH). This species is named after its similarity to another *Aprosa* species *A. acuminata* Thwaites.

अरनिबिया भट्टाचाराई के. अंबरीश एवं एस. के. श्रीवास्त., ज. जाप. बॉट. 88: 316. 2013. (बोरेजिनेसी)

इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन हिमाचल प्रदेश के लाहौल जिले के किलौंग से 3200 मी० की ऊंचाई से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप पादपालय भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र, देहरादून (बीएसडी) एवं समप्ररूप केंद्रीय राष्ट्रीय पादपालय, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, हावड़ा (सीएएल) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण इसके संग्रहकर्ता श्री. यू. सी. भट्टाचार्य के नाम पर आधारित है।

Arnebia bhattacharyyae K. Ambrish & S.K. Srivast., J. Jpn. Bot. 88: 316.2013. (BORAGINACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made Keylong, Lahaul distrct of Himachal Pradesh, India at 3200m altitude. The holotype is deposited in Herbarium, Botanical Survey of India, Northern Regional Centre, Dehradun (BSD) and isotypes are in Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL).This species is named after its collector Dr. U. C. Bhattacharyya.

ब्राचिस्टीलमा नल्लामलायना प्रसाद एवं रवि प्रसाद राव, जरनल ऑफ थ्रिटन टैक्सा. 5(14): 4904. 2013. (एपोसायनेसी)

इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन आंध्र प्रदेश राज्य के नल्लामलाई, पूर्वी घाट की भीमूनिकोलंनू पहाड़ी से 560मी० की ऊंचाई से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप पादपालय, वनस्पति विज्ञान विभाग, श्री कृष्णदेव राय विश्वविद्यालय, अनंतपुर (एसकेयू) एवं समप्ररूप पादपालय भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, दक्कन क्षेत्रीय केंद्र, हैदराबाद (बीएसआईडी) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण प्ररूप के प्राप्ति स्थल नल्लामलाई पर आधारित है।



Brachystelma nallamalayana Prasad & Ravi Prasad Rao, J. Threatened Taxa. 5(14): 4904. 2013. (APOCYNACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Bheemunikolanu Hills, Nallamalais, Eastern Ghats, Andhra Pradesh, India at 560m altitude. The holotype is deposited in the Herbarium of Department of Botany, Sri Krishnadevaraya University, Anantpur (SKU) and isotypes are in Herbarium, Botanical Survey of India, Deccan Regional Centre, Hyderabad (BSID). The species is named after itstype locality, Nallamalais of Andhra Pradesh.

ब्राचिस्टीलमा पेंचलाकोनेन्से रासिंगम, चोर्घे, मेवे, शंकर राव एवं प्रसन्ना, क्यू बुलेटिन 68: 663. 2013. (एपोसायनेसी)


इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन आंध्र प्रदेश के नेल्लौर जनपद स्थित पेंचलाकोना नामक स्थान से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप केंद्रीय राष्ट्रीय पादपालय, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, हावड़ा (सीएएल) एवं सम–प्ररूप पादपालय भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, दक्कन क्षेत्रीय केंद्र, हैदराबाद (बीएसआईडी) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण जाति के संग्रहस्थल पेंचलाकोना के नाम पर आधारित है।



Brachystelma penchalakonense Rasingam, Chorghe, Meve, Sankara Rao & Prasanna, Kew Bulletin 68: 663. 2013. (APOCYNACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Penchalakona area of Nellore district of Andhra Pradesh, India. The holotype is deposited Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL) and the isotypes are in Herbaruim of Botanical Survey of India, Deccan Regional Centre, Hyderabad (BSID). The species is named after the region of its occurrence "Panchalakona".

सेन्टोथिका गणेशाहियाना एम. वी. रमना, आलोक चोरघे, प्रसन्ना एवं संजप्पा, नार्डिक ज. बॉट. 31: 1. 2013. (पोएसी)



इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उत्तरी निकोबार स्थित सेड्डल पीक राष्ट्रीय उद्यान से से 250–400मी० की ऊंचाई से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप केन्द्रीय राष्ट्रीय पादपालय, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, हावड़ा (सीएएल) एवं सम–प्ररूप क्रमशः भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, दक्कन क्षेत्रीय केंद्र, हैदराबाद (बीएसआईडी), भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय केंद्र, पोर्टब्लेयर (पीबीएल) के पादपालयों में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण प्रो. के. एन. गणेशाय्या, के सम्मान में उनके द्वारा वनस्पति विज्ञान में किये गये उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर किया गया है।

Centotheca ganeshaiahiana M. V. Ramana, Alok Chorghe, Prasanna & Sanjappa, Nordic J. Bot. 31: 1. 2013. (POACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Saddle Peak National Park, North Andaman Islands, Andaman & Nicobar, India at 250-400 m altitude. The holotype is deposited in the Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL) and isotypes are deposited in Herbarium of Botanical Survey of India, Deccan Regional Centre, Hyderabad (BSID) and Herbarium of Botanical Survey of India, Andaman & Nicobar Regional Centre, Port Blair (PBL). This new species is named after Prof. K. N. Ganeshaiah for his immense contributions to plant science.

सिरोपिजिया कारूलेन्सिस पुनेकर, तमहांकर, लक्ष्मीन., कुमारन, ए. राउत, एस. के. श्रीवास्त. एवं कावड़े, निलम्बो 55: 17. 2013. (एपोसायनेसी)



इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन महाराष्ट्र राज्य के कोल्हापुर जिले के गगनबावड़ा, कारूल घाट से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, केंद्रीय राष्ट्रीय पादपालय, हावड़ा (सीएएल) एवं सम–प्ररूप अगरकर हरबेरियम ऑफ महाराष्ट्र, अगरकर अनुसंधान संस्थान, पूणे (एएचएमए) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण इसके प्ररूप प्राप्ति स्थल 'कारूल घाट' के नाम पर आधारित है।

Ceropegia karulensis Punekar, Tamhankar, Lakshmin., Kumaran, A. Raut, S.K. Srivast. & Kavade, Nelumbo 55: 17.2013. (APOCYNACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Karul Ghat, Gaganbawada, Kolhapur district of Maharashtra, India. The holotype is deposited in Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL), and isotypes are in Herbarium, Agharkar Research Institute, Pune (AHMA). The species is named after the type locality "Karul Ghat".

सिरोपिजिया महाराष्ट्रेन्सिस पुनेकर, तमहांकर, लक्ष्मीन., कुमारन, ए. राउत एवं एस. के. श्रीवास्त. निलम्बो 55: 23. 2013. (एपोसायनेसी)



इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन महाराष्ट्र राज्य के पुणे जिले की जुन्नार तहसील के ढाक किल्ला (ढाकेश्वर) से 1100 मी० की ऊंचाई से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, केंद्रीय राष्ट्रीय पादपालय, हावड़ा (सीएएल) एवं सम–प्ररूप अगरकर अनुसंधान संस्थान, पूणे (एएचएमए) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण इसके प्राप्ति राज्य के नाम पर आधारित है।

Ceropegia maharashtrensis Punekar, Tamhankar, Lakshmin., Kumaran, A. Raut & S. K. Srivast., Nelumbo 55: 23. 2013. (APOCYNACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Dhak killa (Dhakeshwar), Junnar Taluka of Pune district, Maharashtra, India at 1100m. altitude. The holotype is deposited in Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL), and isotypes in Herbarium, Agharkar Research Institute, Pune (AHMA). The species is named after the state of its occurrence.

सिरोपिजीया मनोहाराई सुजानापाल, सलीम, अनिल एवं शशिध., ज. बॉट. रिस. इंस्ट. टेक्सास 7 (1): 342. 2013. (एपोसायनेसी)

इस नवीन जाति का अन्वेषण तथा वर्णन केरल राज्य के वायनाड जिले के मेप्पदी वन्य क्षेत्र से 1830 मी० की ऊंचाई से प्राप्त संग्रहों के आधार पर किया गया है। जाति का मूल–प्ररूप भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण पादपालय, दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र, कोयम्बटूर (एमएच) एवं सम–प्ररूप केन्द्रीय राष्ट्रीय पादपालय, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, हावड़ा (सीएएल), वनस्पति विज्ञान विभाग पादपालय, कालीकट विश्वविद्यालय (सीएएलआई), पादपालय, केरल वन अनुसंधान संस्थान,थ्रिस्सूर (केएफआरआई) एवं एम. एस. स्वामीनाथन अनुसंधान संस्थान, कलपेत्ता (एमएसएसएच) में संग्रहित किया गया है। इस जाति का नामकरण मलयालम शब्द ''मनोहरम'' पर आधारित है, जो इसके फूलों की सुन्दरता का द्योतक है।







Ceropegia manoharii Sujanapal, Salim, Anil & Sasidh., J. Bot. Res. Inst. Texas 7(1): 342. 2013. (APOCYNACEAE)

This new species has been discovered and described based on collections made from Meppadi forests in Wayanad district of Kerala, at 1830m altitude. The holotype is deposited in Herbarium, Botanical Survey of India, Southern Regional Centre, Coimbatore (MH) and isotypes are in Central National Herbarium, Botanical Survey of India, Howrah (CAL), Herbarium of the Department of Botany, University of Calicut (CALI), Kerala Forest Research Institute, Thrissur (KFRI) and M. S. Swaminathan Research Foundation, Kalpetta (MSSH) respectively. The species is named after the Malayalam word 'Manoharam' which means beautiful, denotes the elegant flowers of the new species.

